**दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम के गोदामों को बम से उड़ा देने का कथित षडयंत्र**

6367. **श्री चन्द्र शैलानी :** क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को दिल्ली स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदामो को बम से उड़ा देने के किसी षडयन्त्र का पता चला है ,

(ख) क्या इस सम्बन्ध मे कुछ लोगो को गिरफ्तार किया गया है ,

(ग) यदि हा, तो गिरफ्तार किये गये व्यक्तियो की पूछताछ से क्या भेद खुले है , और

(घ) इस सम्बन्ध मे सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह मत्रालय मे उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) :** (क) से (घ) एक षडयत्र का पता लगा है जिसमे भारतीय खाद्य निगम के कुछ हड़ताली कर्मचारी भारतीय खाद्य निगम के अस्थाई कर्मचारियो तथा वाहन जो उनको ले जाते है को क्षति पहुंचाने के लिए बम बनाते हुए पाये गये थे । यह ज्ञात नही है कि क्या उनकी मंशा दिल्ली मे भारतीय खाद्य निगम के गोदाम को क्षति पहुंचाने की थी । अवैध रूप से बम बनाने के लिए अब तक छ व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया है जबकि चार अन्य अभी फरार हैं । गिरफ्तार व्यक्तियो से अच्छी तरह से पूछताछ की गई है । मामलो की अभी जाच हो रही है ।

**मैहर, सतना (मध्य प्रदेश) में सीमेंट कारखाना**

6368. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के सतना जिले की मैहर तहसील मे सीमेंट कारखाना लगाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उसे कब तक क्रियान्वित किये जाने की सभावना है ?

**उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) :** (क) और (ख) मैहर मे सीमेंट का सयत्र लगाने की कोई भी योजना सरकार के विचाराधीन नही है । किन्तु सेन्चुरी सीमेंट, बम्बई को मध्य प्रदेश के सतना जिले मे मैहर मे 7 50 लाख मी० टन वार्षिक क्षमता का सीमेंट सयत्र लगाने के लिये एक आशयपत्र जारी किया गया है । इस योजना के 1978–79 तक कार्यान्वित हो जाने की सम्भावना है ।

**पांचवी योजना के लिए मध्य प्रदेश को केन्द्रीय सहायता**

6369 **श्री गगा चरण दीक्षित :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) सम्पूर्ण पाचवी पचवर्षीय योजना के लिए मध्य प्रदेश के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है , और

(ख) उस सहायता मे से मध्य प्रदेश को अब तक कितनी धनराशि दी जा चुकी है और यह धनराशि किन प्रयोजनों के लिए दी गई है ?

**योजना मत्रालय में राज्य मत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :** (क) मध्य प्रदेश सहित राज्यो को पाचवी योजना अवधि मे उनको क्रमिक पाचवी योजनाओ के दौरान केन्द्रीय सहायता जिन मानदण्डो तथा सिद्धान्तो के आधार पर आवंटित की जायेगी वे योजना आयोग के विचाराधीन है । इस बारे मे निर्णय राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा लिया जायेगा ।

(ख) मध्य प्रदेश को उसकी प्रत्येक राज्य वार्षिक योजनाओ 1974–75 और 1975–76 के लिए 53.32 करोड रुपये का आवंटन किया गया है । वर्ष 1974–75 मे सूखा राहत उपायो के लिए मध्य प्रदेश को 6 50 करोड रुपये की अग्रिम योजना सहायता भी प्रदान की गई थी ।